Need to start a scheme for free treatment of children with type ? 1 diabetes

-laid

श्री हरीभाई पटेल **(महेसाणा)** : मैं महेसाणा मतविस्तार का प्रतिनिधत्व करता हूँ । मैं एक अनूठी पहल की बात करना चाहूंगा जो आदरणीय प्रधानमत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की जन्म भूमि के जिले से शुरू हुई है । सामान्य रूप से मानव शरीर में दो प्रकार के डायबिटीज होते हैं । जहाँ तक टाइप 2 डायबिटीज की बात है वह बहुत कॉमन है, उसका इलाज भी आसानी से होता है और PM जन औषधि केन्द्रों में इसकी बहुत ही सस्ते दामों में दवाईयां उपलब्ध हैं ।

आज बात करनी है टाइप 1 डायबिटीज की, जो ज्यादातर छोटे बच्चों में पाया जाता है । छोटे-छोटे बच्चो को दिन में दो-तीन बार इन्सुलिन के इंजेक्शन लेने पड़ते है । गरीब बच्चों के माता-पिता को इसकी जानकारी भी नहीं होती और बच्चों का आयुष्य कम होता जाता है । महेसाणा जिला प्रशासन और NGO के सहयोग से 2018 में बच्चों के लिए पहल की गयी और 186 टाइप -1 डायबिटीज वाले बच्चों की स्क्रीनिंग करके इन बच्चों को मुफ्त मे इलाज और मुफ्त मे इन्सुलिन नियमित रूप से दिया गया ।

महेसाणा के इस प्रयोग को आगे बढ़ाते हुए गुजरात सरकार ने ऐसे टाइप -1 डायबिटीज वाले बच्चों के लिए बजट 2023-24 में 13 करोड़ का प्रावधान किया है जिसमें बच्चों की स्क्रीनिंग से ले कर मुफ्त इलाज, मुफ्त इन्सुलिन एवं इस टाइप 1 डायबिटीज का हेल्थ एजुकेशन फैलाने का भी प्रावधान किया गया है, जो अभूतपूर्व है । ये जो टाइप 1 डायबिटीज पीड़ित बच्चे हैं, उनके गरीब माता-पिता के लिए यह बहुत बड़ी राहत है ।

मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि ऐसी योजना समग्र देश में लागू होनी चाहिए । इससे देश के लाखों बच्चे जो टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित हैं उनके जीवन में एक नई सुबह खिलेगी ।